महत्वपूर्ण एवं खास

वैन और बोलेरो में टक्कर

रायगढ़। तेज रफ़्तार बोलेरो और वैन में जोरदार टक्कर होने से बोलेरो चालक को कुछ नहीं हुआ वहीँ वैन सवार घायल हो गए.इस भीषण टक्कर में वैन सवार 6 लोगों को चोंटे आई हैं जिनमे से 2 गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में किया जा रहा है । बताया जा रहा है बोलेरो चालक नशे में चूर था और तेज रफ़्तार बोलेरो को दौड़ाते हुए सामने आ रही वैन को दे मारा जिससे वैन के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए । दर असल पूरी घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग सरिया नाला के पास की है जहाँ बीते रात एक भीषण हादसा हुआ. क्रोन्धा गाँव से विवाह समारोह से वापस लौट रहे वैन को सामने से आ रही तेज रफ़्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी बताया जा रहा है बोलेरो चालक शराब के नशे में चूर था और यही वजह है कि चालक को कुछ समझ नहीं आया और वैन को टक्कर मार दी इस सड़क हादसे में वैन में 6 लोग सवार थे जो सभी एक ही गाँव के थे और क्रोन्धा गाँव से शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे तभी सरिया नाला मोड़ में ये हादसा हो गया राहत की बात यह है कि इस भीषण टक्कर से कोई जनहानि नहीं हुई बहरहाल सुचना पर 108 के माध्यम से सभी घायलों को धरमजयगढ़ अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है वहीँ खबर पर धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटना कारित वाहन को कब्जे में लेते हुए मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाई कर रही है ।

आईटीआई के ब्यायज व गर्लस में मोबाईल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के आईटीआई के ब्वायज और गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर चोरी करनेवाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ़तार किया है. दोनों चोर के पास पुलिस चोरी की गई मोबाईल फोन को जब्त किया है। घटना के बारे में बताया कि बीते गुरूवार की रात आईटीआई परिसर में स्थित ब्वायज और गर्ल्स हॉस्टल में मोबाईल चोरी की घटना सामने आई थी, जिसमें पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों का नाम विशाल गुप्ता 18 साल और पिंटू देवांगन 19 साल बताया गया है. मामले में पुलिस ने बताया कि नशे की हालत में दोनों युवक हॉस्टल के प्रवेश द्वार का ग्रील तोड़कर अंदर घुसे थे और वहां से उन्होंने तीन मोबाईल चोरी की थी. लेकिन यह पूरी घटना हॉस्टल के सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई, जिसके कारण आरोपी युवकों की पहचान हो गई और उन्हें गिरफ़तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली. युवकों के पास से चोरी का मोबाईल फोन भी जब्त कर लिया गया है।

दुध व्यवसाय को पिकअप ने मारी टक्कर,घायल

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र के कोसमनारा पुरानी शराब दुकान के पास 50 साल के दूध व्यावसायी को अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. फिलहाल उसे ईलाज के लिए रायगढ़ के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बारे में बताया गया कि शिशुपाल 50 साल कुरमापाली निवासी है. गुरूवार रात हर दिन की तरह वह दूध बेचकर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान तेज गति से आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी. जिसमें शिशुपाल गंभीर रूप से घायल हो गया. वही लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पिकअप अनियंत्रित होकर पास के खेतों में जा घुसी, जिसके कारण गाड़ी का चालक और उसके दूसरे साथी बच गए और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटना में शामिल पिकअप शहर के एक बड़े ट्रांसपोर्टर का बताया गया।

सेशन कोर्ट ने भी खारिज की मुकेश की जमानत अर्जी

✷सामाजिक न्याय संघ ने पीड़ित को दिलाया न्याय✷ नाबालिग पुत्री को चाकू मारकर हत्या करने का कृत्य में पीड़ित पिता ने की थीं शिकायत

न्यायासाक्षी/रायगढ़।

11 मार्च को अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घटी घटना के सम्बंध में पीड़ित पिता ने सामाजिक न्याय संघ, जो कि शासन से मान्यता प्राप्त संस्था है से न्याय हेतु मदद मांगी थीं से सम्बंधित मामला।

सामाजिक न्याय संघ को दिए अपने आवेदन में परदेशी साहू , उम्र 45 वर्ष, पिता स्व कीरितराम साहू ने कहा कि, मेरी पत्नी का नाम नोनीबाई साहू है। मेरे 3 पुत्रियाँ हैं। दो की शादी हो चुकी है। मेरी पुत्री सुनीता साहू (परिवर्तित नाम)अभी छोटी है, नाबालिग है, को मेरे घर के पास रहने वाला मुकेश साहू परेशान करता था, जिसकी जानकारी मेरी पुत्री के द्वारा मुझे दी गई थीं। कहा कि, मेरी पुत्री ने बताया था कि, उसे मुकेश साहू कॉल करके, मैसेज करके, धमकी देता था, जब मेरी पुत्री ने उसे मना किया तो भी वह उसे फोन करने परेशान करता रहता था। जब मेरी पुत्री ने ये बात मुझे तथा मेरी पत्नी/अपनी मम्मी को बताई, तब हम लोग उस लड़के मुकेश साहू को समझाने उसके घर गये थे, लेकिन मुकेश साहू नहीं माना। उसके बाद वह, मेरी पुत्री को और ज्यादा परेशान करने लगा और धमकी देने लगा। जिसकी जानकारी होने पर, मैं, मेरी पुत्री, उसकी मम्मी और भैया अमृतलाल को लेकर उसके घर गये और उसके मम्मी पापा को बताया कि आपका बेटा और परेशान कर रहा है, तो उसके मम्मी पापा उस लड़के को बोले कि दोबारा इस लड़की को परेशान मत करना, और हमारे सामने उसे काफी डॉट-फटकार किए। अपने आवेदन में कहा कि, उसी वक्त हम सब के सामने मुकेश साहू मेरी पुत्री को बोला कि आज के बाद मैं तुम्हे परेशान नहीं करूंगा, मुझे माफ कर दो, दोबारा कभी तुम्हे परेशान नहीं करूंगा।

यह दिनांक 10 मार्च की घटना है। दूसरी सुबह मैं तथा मेरी पत्नी करीब 7:30 बजे खेत में काम करने चले गये, वहॉ मेरी भतीजी हीराबाई साहू आई, जिसने हमें बताया कि मेरी पुत्री ललिता खून से लतफथ आंगन में पड़ी है। हम लोग पति-पत्नी दौड़ते-भागते घर पहुँचे तो देखा कि मेरी बिटिया खून से लतफथ आंगन में बेहोश पड़ी थीं, जिसको हमलोग तत्काल मालखरौदा अस्पताल लेकर गए।

पीड़ित पिता ने कहा कि, जहां हमें पता चला कि मेरी बिटिया को चार जगह चाकू मारा गया है, उसकी हालत बेहद गंभीर है, तो हमने उसे वहॉ से डिस्चार्ज कराके रायगढ़ के संजीवनी अस्पताल में दिनॉक 11 मार्च को करीब 2.00 बजे दोपहर को शिफ्ट किया। डा. तिर्की ने उसका आपरेशन किया और मेरी पुत्री करीब 23 दिन जीवन-मृत्यु के बीच संघर्षरत् रही, और हम लोग सपरिवार उसके लिए बेहद परेशानी भोगे।

अपने आवेदन में पीड़ित पिता ने कहा कि, मैं एक गरीब परेशान व्यक्ति हूँ , मैं चाहता हूँ कि मेरी पुत्री को मार डालने की नीयत से हमला करने वाले मुकेश साहू को कड़ी से कड़ी सजा मिले, अतः मेरे इस आवेदन के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर, न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की कृपा की जावे। जिसपर तत्काल संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय संघ ने पीड़ित पिता के आवेदन को चीफ जस्टिस् ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, राज्यपाल महोदय, राजभवन, चीफ जस्टिस् ऑफ छत्तीसगढ़, उच्च-न्यायालय, मानवाधिकार आयोग, ब्लॉक सी, जीपीओ काम्पलेक्स, भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, उमेश पटेल, केबीनेट मंत्री, पुलिस महानिदेशक , पुलिस महानिरीक्षक, छ.ग. शासन, राज्य महिला आयोग, गायत्री भवन, सत्र एवं जिला न्यायाधीश, जिला जॉजगीर चाम्पा,अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश, सक्ती,एस.पी. , जॉजगीर, जिला जॉजगीर चाम्पा, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, मालखरौदा, जिला जॉजगीर चाम्पा, थाना प्रभारी, थाना मालखरौदा, को भेजा। जिसपर कार्यवाही हुई और एफ.आई.आर. क्रमांक 0069 पर भा.दं.वि. की धारा 452,307,354 के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसपर आरोपी के द्वारा जमानत का आवेदन माननीय न्यायालय श्रीमान- द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसको माननीय न्यायालय ने यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि आवेदक /आरोपी द्वारा कारित अपराध, प्रकरण में सम्बंधित साक्ष्य व दस्तावेजों को दृष्टिग्रत् रखते हुए जमानत की सुविधा का लाभ दिया जाना न्यायोचित

क्या था मामला

नाबालिक ने घटना के बारे में अपने पिता को बताया कि वो करीब 7.30 बजे उठी, उसके बाद उसकी दादी नहाने को चली गई। तभी सुबह 8:30 बजे मुकेश साहू पीछे के दरवाजे से घर में घुंस आया उस वक्त घर में वो अकेली थी, और आंगन में बैंठी थी, अचानक मुकेश साहू को आया देख, चिल्लाने लगी। जिसका उसके गला को दबाकर मुकेश साहू कमरे के अंदर ले गया, उसके बाद वह उसके गला को जोर से दबा कर बोला 2 मिनट में मैं तुम्हे जन्नत दिखाता हूं। उसके बाद वह मेरी पुत्री के पेट पर चाकू से एक बार वार किया, उसके बाद लगातार तीन बार वार किया, बहूत खून बहने लगा जिससे मेरी पुत्री बेहोश हो गई।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

रायगढ़। रायगढ़ शहर के प्रमुख धार्मिक आस्था का केंद्र जहां साल भर कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन चलता रहता है, जहां आज दिनांक 19 अप्रेल को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रातः 6 बजे मन्दिर के पट खुल गए और भक्तों का आना जाना शुरू हो गया। प्रातः काल में 6~20 बजे भगवान शिव के ग्यारहवें रुद्रावतार केशरी पुत्र मारुति नंदन श्री संकट मोचन हनुमानजी की महा आरती प्रारंभ हुई,तत्पश्चात भगवान शिव जी की आरती 7 बजे प्रारंभ की गई,प्रातः 8 बजे श्री शिर्डी के साई बाबा की मंगल आरती की गई। मंदिर के पट खुलते ही हनुमान जी के भक्तों का आना बहुत ज्यादा संख्या में होने लगा आज हर कोई अपने आराध्य देव की एक झलक देख कर अपना जीवन सफल बनाने में लगे हुए हैं। इस विषय में मन्दिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरवानी ने बताया कि आज मन्दिर में भक्तजनो के लिए प्रसाद के रूप में बूंदी ,चना और केला की विशेष व्यवस्था की गई थी। सुंदरकांड पाठ किया गया।

हनुमान जी को सुंदरकांड बहुत ही ज्यादा प्रिय है। जो भी व्यक्ति इस सुंदर कांड के पाठ को ध्यान से सुनता और पढ़ता है उसके जीवन मे कभी भी दुःख नहीं आता है और वह सदैव हनुमान जी का कृपा पात्र रहता है। उसे भूत पिशाच छू भी नहीं सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए भक्तों के जन कल्याण के लिए सुंदरकांड पाठ विगत 12 वर्षों से मन्दिर में प्रति मंगलवार एवं शनिवार को रात्रि 7~30 बजे शुरू

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480